BUSINESS LINE, Delhi, 7.4.2025
Page No. 8, Size:(6.16)cms X (4.80)cms.

PIL names dual-fuel vessel 'Kota Embun'

Pacific International Lines (PIL) has named its fourth 14,000-TEU LNG dual-fuel container vessel 'Kota Embun'. Embun means 'dew' in Malay and symbolises renewal and

harmony with nature, reflecting the vessel's role in promoting sustainable and environmentally friendly shipping practices, a company release says. The vessel is part of PIL's 'E' class series, which are the largest in its fleet. They are also the first to run on liquefied natural gas (LNG) and were built by Jiangnan Shipyard in China. Kota Embun is the first PIL vessel to feature a bow windshield for improved aerodynamics, which is expected to reduce fuel consumption and corresponding emissions by 1 per cent a year on the 'Far East to West Coast Central and South America Service 2' route, the release adds.

BUSINESS LINE, Delhi, 7.4.2025
Page No. 3, Size:(7.57)cms X (12.70)cms.

LPG imports may ease as residential consumption plateaus

Rishi Ranjan Kala
New Delhi

India's liquefied petroleum gas (LPG) imports are likely to cool down in the current calendar year (CY), led by plateauing consumption in the urban residential sector due to a shift towards piped natural gas (PNG).

Besides, the tariff wars unleashed by the US could force China to turn towards the Middle East, which accounts for over 90 per cent of India's LPG imports. This could lead to higher Saudi CP propane prices and a higher import bill. It may also push for India diversifying its cargoes, favouring the US.

Trade sources indicated that LPG exports from the Middle East, which hit a record in March 2025, are expected to decline April onwards as India's demand wanes, at a time when expectations are for more LPG export cargoes to come online as OPEC+ unwinds voluntary production cuts.

EXPORT DYNAMICS

LPG exports are expected to surpass 20 million tonnes (mt) in FY25, which ended last month (11M FY25: 18.99 mt). Imports in April-February FY25 are already higher compared to FY24 (18.51 mt) and FY23 (18.34 mt). Over 90 per cent of LPG is consumed in households. The total active domestic customer base is 32.89 crore (December 2024). India has 10.33 crore Pradhan Mantri Ujjwala Yojna beneficiaries, for whom the commodity is subsidised.

India LPG import, consumption, export & production (million tonnes)

	Consumption	Production	Import
11M FY25	31.43	11.72	18.99
FY24	29.66	12.78	18.51
FY23	28.50	12.83	18.34

Source: Petroleum Planning & Analysis Cell (PPAC)

According to a March 19 report by maritime consultancy Drewry, India's import growth is likely to drop in 2025 CY as residential demand eases due to the policy shift to PNG for households and biofuels as LPG penetration nears saturation. Drewry expects residential LPG consumption to plateau due to a decline in urban use, with a shift to PNG as cooking fuel. The consultancy said that an expected reduction in the government's LPG subsidy in 2025 will impact consumption.

A rise in residential cylinder price to align it with Saudi CP prices (the government made no provision in the Budget to compensate refiners for subsidy-linked losses) is another factor impacting usage. Besides, an expected premium on Saudi CP propane prices, mainly if China competes for Middle East supplies after a likely tariff war with the US, is also a factor that will have a bearing on LPG consumption. A tariff war could reduce consumption from price-sensitive areas and create downward pressure on imports, Drewry projected.

In an April 1 commentary, Samantha Hartke, Head of Market Analysis-Americas at Vortexa, said that headwinds to increased send out by the Middle East could come from its largest buyer, India, which accounted for 59 per cent of exports in Q1 2025, up from 57 per cent on average last year and 52 per cent in 2023. "It is unlikely that the 2024 increase (consumption) will be repeated this year. Federal elections in India last year saw a barrage of LPG subsidies and free cylinders being given out to voters," Hartke added.

Drewry expects that a decline in India's LPG import growth this year will lead to a shift in trade patterns.

India is already forging ties with BPCL and Norway's Equinor to reduce its reliance on the Middle East.

FINANCIAL EXPRESS, Delhi, 7.4.2025
Page No. 04, Size:(10.35)cms X (14.74)cms.

HMEL crosses record 2-mn tonne polymer sales mark in FY25

OIL REFINING AND petrochemical firm HPCL-Mittal Energy (HMEL) hit a record 2 million tonne of polymer sales in the fiscal ended March, surpassing expectations. HMEL has undertaken a $3-billion expansion of petchem capacity, increasing its polypropylene capacity to 1 million tonne a year, and adding a polyethylene capacity of 1.2 million tonne per annum.

AGENCIES

FINANCIAL EXP (CSR), Delhi, 7.4.2025
Page No. 12, Size:(13.24)cms X (5.21)cms.

India gets first vertical lift sea bridge

DHEERAJ MISHRA
Pamban, April 6

INAUGURATING INDIA'S FIRST vertical lift sea bridge — the Pamban rail bridge, linking Rameswaram island to the mainland—in Ramanathapuram district of Tamil Nadu, Prime Minister Narendra Modi on Sunday said it "symbolises the union of technology and tradition". He also flagged off the Rameswaram-Tambaram (Chennai) Express and a Coast Guard ship which passed under the bridge.

Modi laid the foundation stone and dedicated to the nation various rail and road projects worth over ₹8,300 crore in Rameswaram. While Tamil Nadu governor RN Ravi and railways minister Ashwini Vaishnaw were among those present on the occasion, chief minister MK Stalin skipped the event.

Noting that former President APJ Abdul Kalam, "whose life demonstrated how science and spirituality complement each other", hailed from Rameswaram, Modi said the new Pamban bridge, too, "symbolises the union of technology and tradition".

Prime Minister Narendra Modi speaks after inaugurating the Pamban bridge, in Tamil Nadu on Sunday ANI

Addressing the public after the inauguration, Modi said the new bridge "supports both Ease of Doing Business and Ease of Travel, positively impacting the lives of lakhs of people". The new train service will enhance connectivity from Rameswaram to Chennai and other parts of the country, benefitting trade and tourism in Tamil Nadu, while also creating new job and business opportunities for the youth, he said.

"In the past 10 years, India has doubled the size of its economy," he said, adding that a key reason behind this rapid growth was modern infrastructure. In the last decade, the budget for infrastructure such as railways, roads, airports, ports, electricity, water, and gas pipelines has increased nearly sixfold, he said.

MORNING STANDARD, Delhi, 7.4.2025
Page No. 04, Size:(24.90)cms X (11.23)cms.

Majhi on 2-day Delhi visit to attract investments

EXPRESS NEWS SERVICE
@ Bhubaneswar

ODISHA Chief Minister Mohan Charan Majhi embarked on a two-day visit to New Delhi on Sunday to forge critical industrial partnerships, attract investments and amplify the Make-in-Odisha mission.

The visit is a key step under the ambitious Utkarsh Odisha roadmap which envisions Odisha as a developed state by 2036 when it marks 100 years of statehood. The CM is scheduled to meet some union ministers on Monday and attend the investors' summit on Tuesday.

The CM's Office said Majhi will engage in a series of initiatives that are aimed at bolstering the state's industrial landscape. Odisha will sign several high-impact MoUs with major players like Indian Oil Corporation Ltd (IOCL), Indian Strategic Petroleum Reserves Ltd (ISPRL) and Petronet LNG.

These agreements are expected to usher in substantial investments in the petrochemical sector, enhancing infrastructure and job creation in the state. "These MoUs not only represent a commitment to industrial growth but also align with the broader goals of Atmanirbhar Bharat, aiming for self-reliance and sustainable development to empower every citizen with economic opportunities," the CM said.

IOCL is likely to set up a naphtha cracker project with an investment of more than ₹61,000 crore at Paradip. The project is a part of the company's investment proposal of around ₹1 lakh crore that includes expansion of its Paradip refinery.

Majhi is also scheduled to tour the HCL Technologies campus in Noida and engage with its top leadership to explore avenues in the IT and ITeS sectors. Odisha aims to become a key destination for high-tech industries and digital innovation, further diversifying its industrial landscape beyond traditional sectors.

The CM will also hold one-on-one meetings with business leaders across sectors, including automotive, electronics, chemicals, and services, pitching Odisha as a land of immense opportunity with investor-friendly policies, robust infrastructure and skilled human capital. Officials said this visit is part of a larger push to elevate Odisha's industrial output, increase job creation and drive sustainable development.

MINT, Delhi, 7.4.2025
Page No. 11, Size:(14.55)cms X (5.11)cms.

Saudis slash oil prices for Asia after surprise output hike

Saudi Arabia slashed its flagship oil price by the most in more than two years, just days after the OPEC+ (Organization of the Petroleum Exporting Countries+) alliance announced an unexpectedly large output hike.

State producer Saudi Aramco will lower Arab Light crude to its biggest buyers in Asia by $2.30 a barrel for May, according to a price list seen by *Bloomberg*.

While the large reduction comes on the back of some of the kingdom's biggest price increases in years, the move was still bigger than expected in a survey of traders and refiners. It follows an OPEC+ output increase that delegates privately said was intended to instill better discipline among members like Kazakhstan and Iraq.

OPEC+, in which Saudi Arabia plays a leading role alongside Russia, announced on 3 April that it would add more than 400,000 barrels a day back into the global market next month, a supply boost three times larger than previously signposted. BLOOMBERG

Saudi will lower Arab Light crude to its biggest buyers in Asia. REUTERS

MORNING STANDARD, Delhi, 7.4.2025
Page No. 10, Size:(24.90)cms X (13.07)cms.

Crude oil prices drop $10 per barrel after Trump's tariff announcement

RAKESH KUMAR @ New Delhi

CRUDE oil prices have witnessed a sharp decline, dropping nearly $10 per barrel in just one week, following the Trump administration's announcement of tariffs on certain countries.

Although the oil and gas sector is exempt from these tariffs, concerns over inflation, slowed economic growth, and intensified trade disputes have contributed to the price drop. Brent Crude Oil, which was trading at $72.94 per barrel, has witnessed a 7% drop to $65.58 per barrel on Sunday. West Texas Intermediate (WTI) Crude Oil was $61.99 per barrel, dropping almost 7.41%. On Friday, crude oil prices crashed 7% to reach their lowest point in over three years. This decline is attributed to China's decision to impose tariffs on US goods, escalating the trade war and increasing the likelihood of a recession. For the week, Brent crude oil prices fell 10.9%, marking their largest weekly loss in a year and a half, while West Texas Intermediate (WTI) prices dropped 10.6%, their biggest decline in two years.The Organisation of Petroleum Exporting Countries (OPEC+) has announced plans to increase output, aiming to return 411,000 barrels per day (bpd) to the market in May, up from the previously planned 135,000 bpd. This decision has further pressured oil prices.Additionally, a Russian court's ruling that the Caspian Pipeline Consortium's (CPC) Black Sea export terminal facilities should not be suspended has also contributed to the price drop, as it may prevent a decline in Kazakhstan's oil production and supplies. Goldman Sachs has lowered its forecast for Brent crude oil's average price this year by 5.5% to $69 per barrel and for US WTI prices by 4.3% to $66 per barrel. Meanwhile, it won't have any impact on the domestic market as the price of petrol and diesel have not changed.

TIMES OF INDIA, Delhi, 7.4.2025
Page No. 11, Size:(3.88)cms X (4.10)cms.

Saudi cuts oil prices after output hike

Saudi Arabia slashed its flagship oil price by the most in more than two years, just days after the OPEC+ alliance announced an unexpectedly large output hike. State producer Saudi Aramco will lower Arab Light crude to its biggest buyers in Asia by $2.3 a barrel for May. BLOOMBERG

TRUMP'S TARIFF FALLOUT

Chances of Oil Going Below $60 Very Low: ONGC

PSU's finance chief says co won't have too much of a problem even if prices go down to that level

Sanjeev Choudhary



New Delhi: Oil prices have a "very low" probability of falling below $60 per barrel and Oil and Natural Gas Corp (ONGC) "should not face any economic difficulties" as long as prices stay above that level, its finance chief has said.

"(Trump's tariff) and the impact that it has had on the markets have adversely affected the oil markets. Oil prices have gone down. That doesn't help ONGC very much," ONGC director-finance Vivek Chandrakant Tongaonkar told **ET**.

Brent, the international crude benchmark, has fallen to $65 per barrel, losing about $10 between April 2 and 4, reflecting the increased fears of a slowdown in the global economy and oil demand following the launch of a massive trade war by US President Donald Trump. Falling oil prices have hammered the stocks of ONGC, Oil India and other producers around the globe. "If the prices remain low, then we have already considered that we would be focusing on cost control," Tongaonkar said.

Anything above $70 per barrel "is good for us", said Tongaonkar.

"As of now, we don't envisage that we would have too much of a problem even if prices go down to $60. We will not make huge profits, but we will be OK with that. We should not face any economic difficulties." Low prices will not help boost global production, he said. "Very low crude prices are not very conducive for even American producers. Even the Middle Eastern producers would not really be very comfortable with that $60 price or anything below that." Trump wants US production to rise to fulfil his ambition of American dominance in the global energy market and ensure lower energy costs for US citizens.

ONGC realised a crude price of $78 per barrel during the nine months that ended in December 2024. The realisation narrowed to $72.5 in the October-December quarter. The company's profits will be impacted in the current quarter if prices stay below $70. High domestic gas prices may, however, act as a cushion for ONGC. Domestic gas price, however, too can decline with the fall in oil prices. The gas price is determined every month as 10% of the crude price, and if crude falls below $67.5 per barrel, the domestic gas price will start slipping from the current level of $6.75 per mmbtu.

Gas contributes 20-25% to ONGC's profit before tax now, compared to four years earlier when the gas production business brought in losses. ONGC realised a gas price of $6.5 per mmbtu in 2024 for price-regulated fields, compared to $1.79 three years earlier.

The domestic gas price has increased to $6.75 from April.

With a new pricing policy for new well gas in place, and some new fields put into production off the eastern coast, ONGC now has an expanding volume of gas that's sold above the government-regulated rate of $6.75, boosting overall gas price realisation. Domestic gas price moves between the floor of $4 and a ceiling of $6.75 per mmbtu, and is currently at the ceiling.

ECONOMIC TIMES, Delhi, 7.4.2025
Page No. 11, Size:(6.34)cms X (6.77)cms.

Aramco Cuts Oil Prices for Big Buyers in Asia

Bloomberg

Saudi Arabia slashed its flagship oil price by the most in more than two years, just days after the OPEC+ alliance announced an unexpectedly large output hike. State producer Saudi Aramco will lower Arab Light crude to its biggest buyers in Asia by $2.30 a barrel for May, according to a price list seen by Bloomberg.

While the large reduction comes on the back of some of the kingdom's biggest price increases in years, the move was still bigger than expected in a survey of traders and refiners. It follows an OPEC+ output increase that delegates privately said was intended to instill better discipline among members like Kazakhstan and Iraq.

OPEC+ announced on April 3 that it would add more than 400,000 barrels a day back into the global market next month.

निवेशकों से 27.5 करोड़ डॉलर की इक्विटी जुटाएगी ग्रीनलाइन मोबिलिटी

देव चटर्जी
मुंबई, 6 अप्रैल

एस्सार समूह के निवेश वाली लॉजिस्टिक कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रवर्तकों और निवेशकों के समूह से 27.5 करोड़ डॉलर की इक्विटी जुटा रही है। इसके मूल्यांकन के बारे में नहीं बताया गया है। इन निवेशकों में ऑनलाइन शेयर-कारोबार प्लेटफॉर्म जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत भी शामिल हैं।

मुंबई की यह कंपनी फिलहाल देश में एलएनजी वाले 650 ट्रकों के बेड़े का संचालन करती है। उसका लक्ष्य तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और बिजली से चलने वाले भारी वाहनों को अगले कुछ साल के दौरान बढ़ाकर 10,000 तक करना है। इक्विटी समेत एक अरब डॉलर का नया निवेश भारतीय कंपनियों को हरित लॉजिस्टिक विकल्प प्रदान करने की ग्रीनलाइन की महत्त्वाकांक्षा दर्शाता है।

एस्सार के निदेशक अंशुमान रुइया ने कहा, 'सड़क लॉजिस्टिक को कार्बन मुक्त करने में यह निवेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ई-ड्राइव पहल के अनुरूप है।' उन्होंने कहा, 'भारत के कम कार्बन के भविष्य का सपना साकार हो रहा है और ग्रीनलाइन इसमें सबसे आगे है।' उसके एलएनजी ट्रकों को एक सहयोगी कंपनी से इटली की विनिर्माता कंपनी इवेको के साथ तकनीकी और इक्विटी गठजोड़ के जरिये हासिल किया जा रहा है।

इस बदलाव का समर्थन करने के लिए एक सहयोगी कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट और बैटरी-स्वैपिंग सुविधाओं के साथ एलएनजी ईंधन भरने वाले 100 स्टेशन स्थापित करेगी। यह कदम परिवहन का कम उत्सर्जन वाला बुनियादी ढांचा मुहैया कराने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

भारत और चीन दोनों ही मालवाहक परिचालकों को डीजल से दूर कर रहे हैं। चीन में साल 2021 में डीजल ट्रकों की बिक्री शीर्ष स्तर पर चली गई थी। उसके बाद भारी-भरकम वाहनों के बेड़े में साल 2024 में एलएनजी ट्रकों की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत से अधिक हो गई। भारत में भी इसी तरह के बदलाव की उम्मीद है, जहां सरकार की नीति हरित परिवहन के पक्ष में है।

BUSINESS STANDARD HINDI, Delhi, 7.4.2025
Page No. 8, Size:(16.21)cms X (47.08)cms.

रामेश्वरम: प्रधानमंत्री ने किया पंबन समुद्री पुल का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि क्षेत्र के बीच रेल सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल का उद्घाटन किया और नई रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर तमिलनाडु में 8,300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का हमारा मत्स्य उद्योग से जुड़ा समाज बहुत मेहनती है। मोदी ने कहा कि मत्स्य उद्योग से जुड़ी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए राज्य को जो भी मदद चाहिए, वो केंद्र सरकार दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल में 'पीएम मत्स्य संपदा योजना' के तहत भी, तमिलनाडु को करोड़ों रुपए मिले हैं। उन्होंने कहा, सरकार की कोशिश यही है कि मछुआरों को ज्यादा सुविधाएं मिलें, चाहे सीवीड पार्क हो या फिर फिशिंग हार्बर और लेंडिंग सेंटर, केंद्र सरकार यहां सैकड़ों करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

तमिलनाडु में बुनियादी ढांचा विकास को केंद्र सरकार की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में तमिलनाडु का रेलवे बजट सात गुना से ज्यादा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, '2014 से पहले रेल परियोजनाओं के लिए हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये ही मिलते थे और आपको पता है उस समय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के मुख्य कर्ताधर्ता कौन थे? इस वर्ष तमिलनाडु का रेल बजट 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। केंद्र सरकार यहां के 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रही है। इसमें रामेश्वरम का स्टेशन भी शामिल है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'बीते 10 सालों में हमने रेल, सड़क, हवाईअड्डे, बंदरगाह, बिजली, पानी, गैस पाइपलाइन जैसी बुनियादी परियोजनाओं का बजट करीब छह गुना बढ़ाया है।'

पंबन पुल इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

सरकार के अनुसार, रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल भारतीय इंजीनियरिंग का एक उल्लेखनीय कारनामा है और इसे 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। लगभग 2.08 किलोमीटर लंबे इस पुल में 99 'स्पैन' और 72.5 मीटर लंबा 'वर्टिकल लिफ्ट स्पैन' है, जिसे 17 मीटर तक उठाया जा सकता है।

तमिलनाडु को 8,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

श्रीलंका में प्रधानमंत्री मोदी ने की दो रेल परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका के ऐतिहासिक शहर अनुराधापुरा में जय श्री महाबोधि मंदिर के दर्शन किए और भारत से सहायता प्राप्त दो रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत की। अनुराधापुरा की यात्रा के दौरान मोदी के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके भी थे। दोनों नेताओं ने 9.12 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारतीय सहायता से नवीनीकृत 128 किलोमीटर लंबी माहो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन किया। इसके बाद माहो से अनुराधापुरा तक उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली के निर्माण की शुरुआत की गई। इस सिग्नलिंग प्रणाली का निर्माण 1.48 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता से किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की श्रीलंका यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले नीति' में द्वीपीय देश की महत्त्वपूर्ण भूमिका को पुष्ट करती है। वार्ता के दौरान रक्षा, ऊर्जा तथा डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दिसानायके के कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा सदियों पुरानी मित्रता, समृद्ध भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है तथा भारत एवं श्रीलंका के बीच संबंधों को और मजबूत बनाती है।'

कार्यक्रम में नहीं आए मुख्यमंत्री स्टालिन

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर विरोध जताते हुए इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने पहले ही प्रधानमंत्री को पुल के उद्घाटन समारोह में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया था, क्योंकि उनके पहले से ही आधिकारिक कार्यक्रम निर्धारित थे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सभा में शामिल होने के लिए मंत्रियों टी थेन्नारसु और राजा कन्नप्पन को भेजा है। **भाषा**

AMAR UJALA, Delhi, 7.4.2025
Page No. 8, Size:(15.78)cms X (5.32)cms.

सहायता 10 वर्षों में भारत सरकार ने पड़ोसी देशों को पहुंचाई कई मौकों पर मदद...विकास में एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में प्रतिबद्धता साबित की

पड़ोसी देशों के विकास, क्षमता निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी देशों की यात्राओं से न सिर्फ रिश्ते प्रगाढ़ हो रहे हैं बल्कि पड़ोसी देशों के विकास और क्षमता के निर्माण भी भारत अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका की हालिया यात्रा के दौरान 128 किलोमीटर लंबी महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का शुभारंभ किया।

पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की ओर से अपने पड़ोसी देशों को दी गई सहायता और परियोजनाओं की लंबी सूची है। यह भारत की पड़ोसी पहले की नीति और वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांतों के तहत क्षेत्रीय विकास में एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्यूरो

मोदी के श्रीलंका दौरे के दौरान 128 किमी की रेलवे लाइन सिग्नलिंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया



भूटान में साझेदारी

भूटान के साथ भारत ने स्वास्थ्य और ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने 2024 में 141 करोड़ की लागत से बने ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मां-बच्चा अस्पताल का उद्घाटन किया। 5,033.56 करोड़ की लागत से मंगदेछु जलविद्युत परियोजना भूटान के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत दी।

श्रीलंका में सहायता

श्रीलंका में भारत ने इंडियन हाउसिंग प्रोजेक्ट (फेज 3) के तहत मध्य और उवा प्रांतों में बागान श्रमिकों के लिए लगभग 4,000 घर बनाए। 2022 में श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत ने एक बिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन दी। इससे श्रीलंका को भोजन, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के आयात में मदद मिली। सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करते हुए पीएम मोदी ने 2015 में जाफना यात्रा के दौरान जाफना सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखी।

बांग्लादेश से साझेदारी

बांग्लादेश में 270.2 करोड़ रुपये की लागत से बनी अखौरा-अगरतला रेल लिंक और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (2023) का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया। खुलना-मोंगला रेल लाइन और भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का निर्माण 285.24 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। इसने ऊर्जा और कनेक्टिविटी में अहम योगदान दिया। आपात स्वास्थ्य सहायता के लिए 109 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दी गई।

नेपाल में योगदानः नेपाल के साथ ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन का उद्घाटन 2019 में किया गया था। यह दक्षिण एशिया की पहली सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन बनी। जून 2023 में सिलिगुड़ी-झापा पाइपलाइन और चितवन व झापा में दो ग्रीनफील्ड टर्मिनल के लिए समझौता हुआ।

म्यांमार में पहल : म्यांमार में भारत ने व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया। 982.99 करोड़ रुपये की लागत से कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना इस दिशा में बड़ा कदम है। शिक्षा और अनुसंधान के लिए यांगून में म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और नेय पी ताव में कृषि अनुसंधान केंद्र को समर्थन दिया गया।

मालदीव में योगदान

मालदीव में पिछले साल अगस्त में 107.34 करोड़ की लागत से जल व स्वच्छता परियोजना शुरू की गई। इसके चलते 34 द्वीपों पर सुविधाओं का विस्तार किया जा सका। इससे 28,000 लोग लाभान्वित हुए। अदद् शहर विकास परियोजना (160.24 करोड़) से 190 हेक्टेयर जमीन की समुद्र से सुरक्षा की जा सकी। इससे मालदीव में सबसे लंबा मानव निर्मित समुद्र तट बना।

- *अफगानिस्तान में भी भारत का सहयोग व्यापक रूप से है। 2016 में पीएम मोदी ने अफगान-भारत मैत्री बांध (सलमा बांध) का उद्घाटन किया।*

AMAR UJALA, Delhi, 7.4.2025
Page No. 2, Size:(15.80)cms X (5.50)cms.

जीपीआर सर्वे से जमीन में दबी वस्तुओं की मिलेगी सटीक जानकारी

मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो रूट पर होगा जीपीआर सर्वे, पहले खुदाई करने की जरूरत नहीं होगी

अमर उजाला ब्यूरो

गुरुग्राम। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड ओल्ड गुरुगाम मेट्रो रूट पर ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वे कराने जा रहा है। इससे जमीन के नीचे दबी वस्तुओं की सटीक जानकारी मिलेगी और बेवजह खुदाई करने की जरूरत नहीं होगी।

सर्वे में मेट्रो रूट में आ रहे सीवर-पानी, गैस लाइन, पाइप और बिजली तारों की सही जानकारी मिल सकेगी। जीएमआरएल की ओर से मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 28.5 किलोमीटर लंबे मेट्रो लाइन का निर्माण किया जाना है। पहले चरण में मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर नौ तक मेट्रो निर्माण के लिए 1286 करोड़ का टेंडर जारी किया गया है। योजना के अनुसार एक मई से मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू होना है। मेट्रो रूट पर सीवर-पानी, ड्रेनेज लाइन, गैस लाइन, टेलीफोन की तार समेत अन्य को हटाया जाना है। इसके लिए जीएमआरएल ने सर्वे कराया था। हालांकि विभागों के रिकार्ड में इन लाइनों की सही जानकारी नहीं है। ऐसे में बिना जीपीआर सर्वे के मेट्रो परियोजना पर काम करना आसान नहीं हैं। इन सेवाओं को स्थानांतरित करने में बेवजह खुदाई करनी पड़ेगी और काम प्रभावित होगा। ऐसे में जीएमआरएल मेट्रो लाइन का जीपीआर सर्वे कराने की योजना पर काम कर रहा है।

इसके लिए जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। बता दें कि ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के निर्माण कार्य को एक मई से शुरू करने की योजना है। 14 मेट्रो स्टेशनों का स्ट्रक्चरल डिजाइन तैयार कर टेंडर जारी किया गया और इसी माह खुलेगा। पैकेज-1 में 13 किलोमीटर लाइन का कार्य होगा। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो में मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-45, साइबर पार्क, सेक्टर 47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72 ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज-6, सेक्टर-10, सेक्टर-37, बसई गांव, सेक्टर-9, सेक्टर 7, सेक्टर 4, सेक्टर-5 , अशोक विहार, सेक्टर-3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23 ए, सेक्टर-22, उद्योग विहार फेज-4, उद्योग विहार फेज-5, सेक्टर 101 व साइबर सिटी शामिल हैं।

जमीन में दबी वस्तुओं की मिलती है सही जानकारी

ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) या भू-भेदी रडार एक भूभौतिकीय तकनीक है, जिससे जमीन के नीचे की परतों और वस्तुओं की छवि तैयार की जाती है। यह विद्युत चुम्बकीय तरंगों के सिद्धांत पर काम करता है। जीपीआर का इस्तेमाल, जमीन के नीचे दबी वस्तुओं का पता लगाने समेत अन्य कार्यों में किया जाता है। इसकी मदद से करीब 10 मीटर की गहराई तक वस्तुओं की जानकारी मिल जाती है। इससे बेवजह सड़क की खुदाई नहीं करनी पड़ती और काम आसानी से होता है।

NAVBHARAT TIMES, Gurgaon, 7.4.2025
Page No. 1, Size:(30.03)cms X (10.17)cms.

ग्लोबल सिटी में 18 KM की टनल में होंगी बिजली, पानी, CCTV की लाइनें

सीवर, गैस, मोबाइल या अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी कोई दिक्कत हुई तो सड़क नहीं खोदनी पड़ेगी, सीढ़ियों से टनल में उतरकर होगी मरम्मत

Surender.singh
@Timesofindia.com

■ **गुडगांव :** सेक्टर-36 में एक हजार से अधिक एकड़ में बन रही ग्लोबल सिटी में सुविधाएं भी वर्ल्ड क्लास की होंगी। यहां सीवर, पानी, गैस, बिजली, मोबाइल टावर, सीसीटीवी सहित अन्य पब्लिक यूटिलिटी की सुविधाएं टनल में होंगी। यहां बनने वाली करीब 18 किलोमीटर लंबी टनल बड़े काम की होगी। सीवर, पानी, गैस या कोई भी दिक्कत होने पर रोड खोदने की जरूरत नहीं होगी। टनल के लिए बनाई गईं सीढ़ियों से नीचे जाकर मरम्मत की जा सकेगी। शहर में पहली बार ऐसा होगा।

पहले किसी लाइन के खराब होने पर पूरी रोड खोदनी पड़ती थी, जिससे ट्रैफिक भी बाधित होता था। सेक्टर-36 और आसपास के एरिया में एक हजार एकड़ में ग्लोबल सिटी का काम चल रहा है। यहां रोड निर्माण का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है। इस सिटी के अंदर ही रेजिडेंशल, कमर्शल, मेडिकल, एजुकेशन की सुविधा होगी। यहीं एसटीपी और डब्ल्यूटीपी की सुविधा होगी। यहां रहने वाली जनसंख्या के अनुसार इनकी क्षमता होगी।

सपनों का शहर

- यहां रोड निर्माण का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है
- इस सिटी के अंदर रेजिडेंशल, कमर्शल, मेडिकल, एजुकेशन की सुविधा होगी, एसटीपी और डब्ल्यूटीपी भी बनेंगे

शहर के सेक्टर-36 में एक हज़ार से अधिक एकड़ में चल रहा है ग्लोबल सिटी का काम

कहीं नहीं दिखेंगे खंभे और तार

इस अत्याधुनिक सिटी में सबसे अहम बात होगी कि मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार के तार दिखाई नहीं देंगे। खंभे भी नजर नहीं आएंगे। यहां पहले फेज में 10 किलोमीटर और दूसरे फेज में 8 किलोमीटर की टनल बनेगी। इस टनल में नीचे पूरी तरह चलने और खड़ा रहने का स्पेस होगा। साथ में दीवारों पर दोनों ओर लाइनें और तार होंगे, जिससे खराबी होने पर कर्मचारी आसानी से मरम्मत कर सके।

पहले फेज़ में खर्च होंगे ₹900 करोड़

टनल में उतरने के लिए थोड़े से अंतराल के बाद सीढ़ियां होंगी। कोई भी लाइन खराब होने पर रोड खोदनी नही पड़ेगी। ट्रैफिक भी बाधित नहीं होगा। पहले फेज का काम जनवरी-2027 तक पूरा होगा। पहले फेज में 900 करोड़ का काम होना है। एचएसआईआईडीसी के एजीएम अरुण गर्ग ने बताया कि ग्लोबल सिटी में 18 किलोमीटर एरिया में टनल बनेगी। यहां सभी पब्लिक यूटिलिटी अंडरग्राउंड होंगी।

DAINIK BHASKAR, Delhi, 7.4.2025
Page No. 11, Size:(38.50)cms X (8.63)cms.

बिजनेस एक्सप्लेनर ट्रम्प टैरिफ के चलते 0.5% तक घट सकती है हमारी जीडीपी ग्रोथ, जानिए कि इस झटके से बचने के हमारे पास क्या विकल्प हैं...

1% तक ब्याज दर घटा सकता है रिजर्व बैंक, पेट्रोल-डीजल सस्ते हो सकते हैं

भास्कर रिसर्च टीम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से आयात शुल्कों (टैरिफ) में आक्रामक बढ़ोतरी के कई नकारात्मक असर देखे जा रहे हैं। भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। चीन जैसे देशों ने ट्रम्प की कार्रवाई के जवाब में अमेरिकी प्रोडक्ट्स के आयात पर भारी शुल्क लगाया। अब आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका और चीन की अर्थव्यस्था सुस्त पड़ सकती है। इसके चलते पूरी दुनिया की आर्थिक रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिसमें भारत भी शामिल है। गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से भारत की आर्थिक रफ्तार सुस्त पड़ सकती है। लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू भी है। इसके चलते भारत में आम लोगों की बचत बढ़ सकती है। दरअसल, टैरिफ वॉर के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी का खतरा बढ़ जाएगा। इससे बचने के लिए देश में मांग बढ़ाने के उपाय करने होंगे। ब्याज दरें घटाना इसका आसान तरीका है।

दो मामलों में सीधे-सीधे बढ़ सकती है आम लोगों की बचत

ईएमआई घटेगी: 9 अप्रैल को फैसला कर सकती मौद्रिक नीति समिति

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सोमवार से समीक्षा बैठक कर रही है। फैसलों की घोषणा 9 अप्रैल को होगी। उम्मीद जताई जा रही है कि रेपो रेट में 0.25% कटौती की जाएगी। हालांकि ये उम्मीद 2 अप्रैल को अमेरिका में भारतीय प्रोडक्ट्स पर 27% टैरिफ लगाए जाने से पहले की है। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि ये कटौती 0.50% तक पहुंच सकती है। रिजर्व बैंक ने फरवरी में भी रेपो रेट 0.25 घटाया था। पांच साल में पहली बार ऐसा हुआ था। अमेरिकी बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स और सिटी बैंक ने कहा है कि उसे भारत में इस साल रेपो रेट में 0.50% अतिरिक्त कटौती की उम्मीद है। दूसरी और तीसरी तिमाही में 0.25%-0.25% कटौती की जा सकती है। इस तरह 2025 के पूरे 12 महीनों में रेपो रेट 1% घटाया जा सकता है।

खर्च घटेगा: सस्ते पेट्रोल और डीजल की आस, बीते हफ्ते 12% घटे क्रूड के दाम

आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं। भारत जरूरत का 80% क्रूड आयात करता है। 2 अप्रैल से अब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके दाम 12.11% घट चुके हैं। 2 अप्रैल को टैरिफ बढ़ाने की घोषणा वाले दिन ब्रेंट क्रूड की कीमत 74.62 डॉलर प्रति बैरल थी। शुक्रवार को कीमत घटकर 65.58 डॉलर रह गई। इसके चलते ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की लागत कम हो गई है। दूसरी तरफ, सरकार के समक्ष ट्रेड वॉर के दौर में आर्थिक गतिविधियों के बढ़ने की रफ्तार को बनाए रखने की चुनौती है। इसे देखते हुए इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम जैसी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों पर पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने का दबाव बढ़ सकता है। इनके दाम घटने से उन सभी चीजों की कीमतें कम हो सकती हैं, जिनकी ढुलाई एक जगह से दूसरी जगह होती है।

रिजर्व बैंक पर दरों में बड़ी कटौती का दबाव इन दो कारणों से बढ़ रहा

1. **आर्थिक सुस्ती की आशंका:** भारतीय प्रोडक्ट्स के आयात पर जवाबी टैरिफ से भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को 0.3% का घाटा हो सकता है। सर्विसेज एक्सपोर्ट में 0.2% की कमी आ सकती है। कुल मिलाकर भारतीय जीडीपी की ग्रोथ को 0.5% का झटका लग सकता है। ऐसे में घरेलू खपत बढ़ाने के लिए सस्ता लोन कारगर तरीका हो सकता है।
2. **कम महंगाई की सहूलियत:** रेपो रेट घटाने की राह में रिजर्व बैंक के सामने सबसे बड़ी बाधा महंगाई है। लोन सस्ते करने पर महंगाई बढ़ने का रिस्क है। लेकिन अक्टूबर-दिसंबर तक महंगाई दर 4% से नीचे ही रह सकती है। एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने चीन सहित कई देशों पर भारत से ज्यादा टैरिफ लगाया है। ऐसे में उन देशों से सस्ते प्रोडक्ट्स भारत में डम्प होने की आशंका है। इससे महंगाई कंट्रोल में रह सकती है, जिससे दरें घटाना आसान हो सकता है।

3 बड़ी फर्म्स के सुझाव

कम ब्याज दरें अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का आसान तरीका

- यूबीएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट घटाने में थोड़ी आक्रामकता दिखा सकता है। अन्य उपाय भी किए जा सकते हैं। बैंकिंग सिस्टम में कैश बढ़ाना और लोन देने के नियामों में छूट आदि।
- गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि बैंकों में कैश की स्थिति सुधरने से अर्थव्यवस्था को 0.10% का सपोर्ट मिलेगा। कच्चे तेल के दाम घटने से भी भारत में इकोनॉमिक ग्रोथ को 0.1% का अतिरिक्त सपोर्ट।
- घरेलू ब्रोकरेज फर्म एमके ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका और दूसरे देश भारी टैरिफ की नीति जारी रखते हैं, तो अमेरिका और ग्लोबल इकोनॉमी में मंदी का खतरा बढ़ जाएगा। इससे बचने के लिए देश में मांग बढ़ाने के उपाय करने होंगे। ब्याज दरें घटाना इसका आसान तरीका है।